# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2015
# व्यवसाय अध्ययन : कक्षा XII

*खण्ड 'अ'*

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—** 5

(i) नियोजन प्रबन्ध का .......... कार्य है।

(ii) भारत में नये आर्थिक सुधारों का प्रारम्भ .......... से किया गया है।

(iii) बजट सदैव .......... रूप में व्यक्त किया जाता है।

(iv) भूमि तथा भवन में विनियोग .......... पूँजी का प्रतिनिधित्व करता है।

(v) शिकायती पत्र की भाषा .......... होनी चाहिए।

**उत्तर**—**(i)** प्राथमिक, **(ii)** 1991, **(iii)** मौद्रिक, **(iv)** दीर्घकालीन/स्थायी, **(v)** विनम्र व शिष्ट।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रत्येक का उत्तर *एक* शब्द/एक वाक्य में लिखिए—** 5

(i) व्यवस्थित ज्ञान को क्या कहा जाता है ?

(ii) नियोजन किस प्रकार की प्रक्रिया है ?

(iii) व्यवसाय का जीवन रक्त किसे कहते हैं ?

(iv) बट्टे पर किस प्रपत्र का निर्गमन किया जाता है ?

(v) व्यापारिक पत्र से किस प्रकार का प्रमाण सिद्ध होता है ?

**उत्तर**—**(i)** विज्ञान, **(ii)** बौद्धिक, **(iii)** वित्त, **(iv)** अंश व ऋणपत्र, **(v)** लिखित प्रमाण।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित के *सही* जोड़े बनाइए—** 5

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (i) प्रबन्ध के जनक | (अ) नियंत्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण है |
| (ii) मानव शक्ति नियोजन | (ब) मुम्बई में |
| (iii) प्रमापों का निर्धारण | (स) व्यापार की आत्मा है |
| (iv) सेबी का मुख्य कार्यालय है | (द) स्टॉफ का आकार एवं संरचना |
| (v) पत्र व्यवहार | (इ) हेनरी फेयोल |

**उत्तर**—**(i)** → (इ), **(ii)** → (द), **(iii)** → (अ), **(iv)** → (ब), **(v)** → (स)।

**प्रश्न 4. निम्नलिखित में से *सही* विकल्प चुनकर लिखिए—** 5

**(अ) प्रबन्ध के सिद्धान्त हैं—**

(i) स्थैतिक, (ii) गतिशील,

(iii) कठोर, (iv) सही।

**(ब) भौगोलिक स्थिति का सम्बन्ध है—**

(i) आर्थिक परिवेश से, (ii) भौतिक परिवेश से,

(iii) कानूनी परिवेश से, (iv) सांस्कृतिक परिवेश से।

**(स) प्रशिक्षण में बल दिया जाता है—**

(i) सैद्धान्तिक ज्ञान पर, (ii) सामान्य ज्ञान पर,

(iii) सर्वांगीण ज्ञान पर, (iv) व्यावहारिक ज्ञान पर।

**(द) नियन्त्रण प्रक्रिया है—**

(i) निरन्तर जारी रहने वाली प्रक्रिया, (ii) प्रारम्भिक प्रक्रिया,

(iii) नियोजन प्रक्रिया, (iv) अनावश्यक प्रक्रिया।

**(इ) स्थायी पूँजी का उपयोग किया जाता है—**

(i) सभी प्रकार की सम्पत्तियाँ खरीदने में,

(ii) चल सम्पत्तियाँ खरीदने में,

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(iii) स्थायी सम्पत्तियाँ खरीदने में,

(iv) कच्चा माल खरीदने में।

उत्तर—(अ) (ii), (ब) (ii), (स) (iv), (द) (i), (इ) (iii).

**प्रश्न 5.** निम्नलिखित का *सत्य* या *असत्य* में उत्तर लिखिए— 5

(i) उद्देश्य समयबद्ध नहीं होने चाहिए।

(ii) नियुक्तिकरण एक सतत् प्रक्रिया नहीं है।

(iii) नियन्त्रण प्रबन्धन की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

(iv) वित्तीय प्रबन्ध सामान्य प्रबन्ध का अंग नहीं है।

(v) पूँजी बाजार एक संगठित बाजार होता है।

उत्तर—(i) असत्य, (ii) असत्य, (iii) सत्य, (iv) असत्य, (v) सत्य।

*खण्ड–'ब'*

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 6.** निजीकरण में किन विशेष बातों पर बल दिया जाता है ? (कोई **दो**) 2

*अथवा*

अन्तर्राष्ट्रीय परिवेश के मुख्य तत्व क्या हैं ? (कोई **दो**)

**प्रश्न 7.** वैश्वीकरण की **दो** विशेषताएँ लिखिए। 2

*अथवा*

वैश्वीकरण के उद्देश्य लिखिए। (कोई **दो**)

**प्रश्न 8.** उन्नत टैक्नोलॉजी में किन-किन बातों पर जोर दिया जाता है ? (कोई **दो**)

*अथवा* 2

नई आर्थिक नीति में किन-किन उद्योगों के लिए लाइसेन्स लेना अनिवार्य है ? (कोई **दो**)

**प्रश्न 9.** लेबलिंग के **दो** कार्य लिखिए। 2

*अथवा*

समाचार-पत्रों में विज्ञापन के लाभ क्या हैं ? (कोई **दो**)

**प्रश्न 10.** उपभोक्ता के किन्हीं **दो** अधिकारों का उल्लेख कीजिए। 2

*अथवा*

उपभोक्ता को किन-किन बातों के सम्बन्ध में सावधानियाँ बरतनी चाहिए ? (कोई **दो**)

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 11.** अनौपचारिक संगठन की **चार** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4

*अथवा*

औपचारिक तथा अनौपचारिक संगठन में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 12.** अधिकार अन्तरण तथा विकेन्द्रीकरण में भेद बताइए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

कार्यात्मक संगठन संरचना का चार्ट दर्शाइए।

**प्रश्न 13.** पर्यवेक्षक के क्या कार्य होते हैं ? (कोई **चार**) 4

*अथवा*

मौद्रिक तथा अमौद्रिक अभिप्रेरणाओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 14.** प्रभावी सम्प्रेषण में आने वाली बाधाओं को दूर करने के सुझाव दीजिए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

श्रेष्ठ अभिप्रेरण के **चार** तत्वों का उल्लेख कीजिए।

**प्रश्न 15.** श्रेष्ठ वित्तीय योजना के **चार** लक्षणों का उल्लेख कीजिए। 4

*अथवा*

व्यवसाय की प्रकृति कार्यशील पूँजी को किस प्रकार निर्धारित करती है ? (कोई **चार**)

**प्रश्न 16.** एक अच्छे ब्राण्ड के आवश्यक तत्वों का उल्लेख कीजिए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

ब्राण्डिंग तथा ट्रेडमार्क में भेद स्पष्ट कीजिए। (कोई **चार**)

**प्रश्न 17.** उपभोक्ताओं के उत्तरदायित्वों को समझाइए। (कोई **चार**) 4

*अथवा*

उपभोक्ता संरक्षण का महत्व समझाइए। (कोई **चार**)

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न 18.** नियोजन के लक्षण समझाइए। (कोई **पाँच**) 5

*अथवा*

नीतियों तथा कार्यविधियों में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई **पाँच**)

**प्रश्न 19** चयन की प्रक्रिया को संक्षेप में समझाइए। (कोई **पाँच**) 5

*अथवा*

भर्ती व चयन में अन्तर बताइए। (कोई **पाँच**)

**प्रश्न 20.** नियन्त्रण की कोई **पाँच** विशेषताएँ लिखिए। 5

*अथवा*

नियंत्रण के महत्व के किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं को समझाइए।

**प्रश्न 21.** स्कन्ध विपणि के कार्यों को समझाइए। (कोई **पाँच**) 5

*अथवा*

पूँजी बाजार तथा मुद्रा बाजार में अन्तर समझाइए। (कोई **पाँच**)

**प्रश्न 22.** एक अच्छे व्यापारिक पत्र के **पाँच** गुणों को समझाइए। 5

*अथवा*

रेलवे अधिकारी को शिकायती पत्र लिखो कि छिन्दवाड़ा के व्यापारी द्वारा भेजी माल की पेटी टूटी निकली। अत: अनुमानित हानि 10,000 रु. की क्षतिपूर्ति करें।

**प्रश्न 23.** प्रबन्ध की विशेषताओं को समझाइए। (कोई **छः**) 6

*अथवा*

भारत में प्रबन्ध का क्या महत्व है ? समझाइए। (कोई **छः**)

**प्रश्न 24.** प्रबन्ध के सिद्धान्तों का महत्व समझाइए। (कोई **छः**) 6

*अथवा*

समय अध्ययन एवं गति अध्ययन में अन्तर बताइए। (कोई **छः**)

---

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com